**Pioneer, Delhi**
**Tuesday, 17th September 2019; Page: 6**
**Width: 24.64 cms; Height: 22.01 cms; a3r; ID: 4.2019-09-17.59**

MUZAFFARPUR GANGRAPE

# Woman's medical report shows no injury: Police

## NHRC seeks report, NCW team to visit Bihar

**Bettiah/Patna:** Efforts were on to nab the accused named by an 18-year-old former inmate of a Muzaffarpur shelter home who has alleged that she was gang-raped inside a moving vehicle, the Bihar police said on Monday and noted it was "not ruling out anything" after a medical examination showed "no external or internal injury" to her.

The National Human Rights Commission (NHRC) issued a notice to the Director General of Police (DGP) of Bihar, seeking a detailed report in four weeks in the matter while the National Commission for Women said it has formed a committee headed by chairperson Rekha Sharma which would travel to the state on September 19-20 to meet the victim.

The woman was admitted to a government medical college on Saturday evening and a medical examination was conducted by a team of doctors on Sunday.

Superintendent of Police, Bettiah, Jayantkant, said that injuries invariably found on the person of a victim of coerced sexual intercourse were absent in the medical tests reports of the complainant, who had alleged that she was sexually assaulted by four men on Friday night.

"We are not ruling out anything at this point of time, though. The girl has named all the accused in her FIR who were, admittedly, known to her since before. We are on the look out for the accused persons as we need to examine as to whether any type of deception was involved," the SP told PTI over phone.

Asked about an audio clip that has surfaced in social media with the claim that it has voices of the four accused, besides the person driving the vehicle, while the girl was sexually assaulted close to her house, the SP said it sheds no fresh light on the case. ***PTI***

**Hindu, The, Delhi**
**Tuesday, 17th September 2019; Page: 9**
**Width: 17.83 cms; Height: 32.43 cms; a3; ID: 33.2019-09-17.72**

# Officials get NCW, NHRC notices over gang rape

## Muzaffarpur victim had filed complaint

SPECIAL CORRESPONDENT
PATNA

The National Commission for Women (NCW) and the National Human Rights Commission (NHRC) on Monday took cognizance of the gang rape of a girl in Bettiah town of West Champaran district and issued notices to Bihar officials.

The rape survivor, an inmate of the Muzaffarpur shelter home, had been rehabilitated with her family after revelations of the sexual abuse of 34 girls in the home was reported in May 2018. The Supreme Court is monitoring the case.

The survivor had lodged a complaint with the Bettiah town police station that she was gang-raped by four of her neighbours in a moving SUV on the Bettiah-Pakhnaha road on the night of September 13.

The survivor was later admitted to the government hospital for treatment and medical examination.

On Monday, the NCW and the NHRC took cognisance of the incident and issued notices to the Bihar Chief Secretary and Director General of Police. A committee of the NCW, headed by its Chairperson Rekha Sharma will travel to Bihar later this week.

"She is already a victim. Rather than helping her out, she has to go through this," said Ms. Sharma. The NHRC has asked for a "detailed report in the matter."

"Apparently, the girl has become a victim of the State's apathy," observed the Commission in its notices.

The Bettiah police said the incident took place when the girl was reportedly on way to her sister-in-law's house.The four youths allegedly dragged her inside an SUV and sexually assaulted her in the moving vehicle.

"None of the four accused have been arrested yet, though the local police have conducted a massive manhunt," said a senior police officer in Patna.

**Navbharat Times, Delhi**
**Tuesday, 17th September 2019; Page: 12**
**Width: 9.08 cms; Height: 20.49 cms; a4; ID: 20.2019-09-17.134**

# मुजफ्फरपुर पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट में नहीं मिली चोट

**पीटीआई, पटना :** गैंगरेप की शिकार हुई मुजफ्फरपुर शेल्टर होम की पीड़िता की मेडिकल जांच में कोई जख्म नहीं मिले हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि वह अभी बात को खारिज नहीं कर रही। जिन चार लोगों पर गैंगरेप के आरोप लगाए गए हैं, वे पीड़िता को पहले से जानते थे। उनकी तलाश की जा रही है। इस बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार के डीजीपी को नोटिस भेजकर चार हफ्तों में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी चेयरपर्सन रेखा शर्मा की अगुवाई में एक कमिटी गठित की है। यह टीम 19-20 सितंबर को पीड़िता से मुलाकात करेगी। बता दें कि पीड़िता ने चार लोगों पर चलती गाड़ी में रेप करने का आरोप लगाया है।

> जिन चार लोगों पर आरोप लगाए गए हैं, वे पीड़िता को पहले से जानते थे

**Statesman, Delhi**
**Tuesday, 17th September 2019; Page: 3**
**Width: 50.12 cms; Height: 25.74 cms; a3r; ID: 14.2019-09-17.29**

# Muzaffarpur gangrape case: NHRC issues notices to Bihar chief secy, DGP

**PTI**
NEW DELHI, 16 SEPTEMBER

The NHRC issued notices to the Bihar government and the police chief of the state on Monday in connection with the gangrape case of an 18-year-old woman from a Muzaffarpur shelter home, where many inmates were allegedly abused for years.

The National Human Rights Commission (NHRC) has observed that the contents of the news reports, if true, amount to violation of human rights of the survivor, who fell prey to perverts with criminal instincts twice, and that the police are yet to arrest the accused.

Accordingly, the rights panel has issued notices to the chief secretary and the director general of police (DGP) of Bihar, seeking a detailed report in four weeks, along with the status of the FIR registered by the police.

It has also directed the state authorities to provide proper counselling and medical assistance to the rape survivor in order to help her overcome the trauma and lead a normal life, a statement issued by the NHRC said.

**The rights panel has issued notices to the chief secretary and the director general of police (DGP) of Bihar, seeking a detailed report in four weeks, along with the status of the FIR registered by the police**

The commission has further observed that apparently, the rape survivor has become a victim of "state's apathy".

"She was unfortunately among the victims of sexual abuse at the Muzaffarpur Girls Home about five years ago. The victimisation of the girl twice indicates towards the sheer lawlessness in the state of Bihar. Criminals are committing heinous crimes at their free will, without any fear of the law," the statement said.

**Dainik Bhaskar, Delhi**
**Tuesday, 17th September 2019; Page: 7**
**Width: 21.56 cms; Height: 14.56 cms; a4r; ID: 43.2019-09-17.143**

मीडिया में आई रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया • डीजीपी से चार सप्ताह में जवाब मांगा

# बालिका गृह की युवती के गैंगरेप पर मानवाधिकार आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली/मुजफ्फरपुर

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक साल पहले बिहार के मुजफ्फरपुर बालिका आश्रय स्थल में उत्पीड़न का शिकार हुई एक युवती के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के बारे में मीडिया में आई रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से चार सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा है।

आयोग के अनुसार मुजफ्फरपुर आश्रय स्थल से 14 महीने पहले ही छुड़ाई गई यह युवती पिछले साल जुलाई से अपने परिवार के साथ रह रही थी। आयोग ने कहा है कि यदि मीडिया में आई रिपोर्ट सही है तो यह युवती के मानवाधिकारों का हनन है क्योंकि उसका दोबारा यौन उत्पीड़न किया गया है और दोषियों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में रिपोर्ट देने तथा इस मामले में प्राथमिकी की स्थिति की जानकारी देने को कहा है। आयोग ने राज्य सरकार को इस युवती की उचित काउंसलिंग और चिकित्सा सहायता देने को कहा है जिससे वह सामान्य तरीके से रह सके। आयोग ने कहा है कि यह गंभीर मामला है कि इस युवती को पांच वर्ष पहले आश्रय स्थल में उत्पीड़न झेलना पड़ा था और अब दोबारा इसके साथ यह संगीन अपराध हुआ है।

## बेतिया की युवती से सामूहिक दुष्कर्म की एफएसएल ने की जांच, शरीर के हिस्से पर नहीं मिला कोई जख्म

### एसपी बोले-आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर छापेमारी

भास्कर न्यूज | बेतिया

मुजफ्फरपुर बालिका गृह से मुक्त युवती के साथ गैंगरेप के मामले की जांच के लिए सोमवार को बेतिया पहुंची विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने काफी सूक्ष्मता से जांच की। टीम में शामिल एफएसएल की सहायक निदेशक मालविका त्रिपाठी ने अपने सहयोगी के साथ करीब दो घंटे तक पीड़िता से जीएमसीएच के आईसीयू में पूछताछ और जांच की। जांच के बाद बताया गया कि प्रथम दृष्टया पीड़िता के शरीर पर किसी प्रकार का बाहरी जख्म नहीं पाया गया है। अभी जांच के कई पहलू शेष हैं। जांच के क्रम में घटनास्थल का भी मुआयना किया जाएगा। एसपी जयंतकांत ने बताया कि अस्पताल से मिली रिपोर्ट के अनुसार आंतरिक व बाहरी जख्म नहीं मिले हैं। फिर भी यह नहीं कहा जा सकता है कि रेप नहीं हुआ है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर दिया गया है। कुछ मोबाइल नंबर भी मिले हैं जिसके कॉल डिटेल्स खंगाले जा रहे हैं।

**Morning Standard, New Delhi**
**Tuesday, 17th September 2019; Page: 7**
**Width: 25.37 cms; Height: 8.67 cms; a4r; ID: 45.2019-09-17.54**

# Muzaffarpur case: Panel to look into rape of ex-inmate

EXPRESS NEWS SERVICE @Patna

THE National Commission for Women on Monday formed a committee to look into the gang rape of a former inmate of the Muzaffarpur shelter home.

The woman was allegedly raped by four men in a moving vehicle in Bettiah town of West Champaran district on Sunday. The committee, headed by NCW chairperson Rekha Sharma, will travel to Bihar on September 19-20 to meet the victim, the state director general of police and, possibly, Bihar Chief Minister Nitish Kumar.

"She is already a victim, rather than helping her out, she has to go through this. We will give her all help that she needs or asks for. We will have to ensure her safety as well," Sharma tweeted.

The commission has issued a notice to the Bihar DGP, asking him to give priority to this case and hold a speedy probe . The Muzaffarpur shelter home made news in 2018 after it was revealed that more than 30 girls had been allegedly raped at the government-aided facility.

The NHRC has also issued notices to the Bihar government and the state police chief in connection with the gangrape.



**Jansatta, Delhi**
**Tuesday, 17th September 2019; Page: 1**
**Width: 18.02 cms; Height: 13.48 cms; a4; ID: 28.2019-09-17.15**

# बिहार सरकार और डीजीपी को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

नई दिल्ली/बेतिया, 16 सितंबर (भाषा)।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मुजफ्फरपुर बालिका गृह में रह चुकी एक लड़की से चलती कार में हुए कथित सामूहिक बलात्कार के मामले में सोमवार को बिहार सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किए। साथ ही, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लू) ने मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की है।

**मुजफ्फरपुर सामूहिक बलात्कार मामला महिला आयोग ने भी जांच के लिए समिति बनाई**

मुजफ्फरपुर बालिका गृह में रह चुकी इस लड़की से पिछले सप्ताह पश्चिम चंपारण के बेतिया शहर में एक चलती कार में कथित रूप से चार व्यक्तियों ने सामूहिक बलात्कार किया था। उल्लेखनीय है कि इस बालिका गृह में रहने वाली कई लड़कियों का बरसों तक कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था।

एनएचआरसी ने कहा कि यदि इस घटना के बारे में आई खबरें सही हैं तो यह पीड़िता के मानवाधिकारों का हनन है, जो दो **बाकी पेज 8 पर**

**Jansatta, Delhi**
**Tuesday, 17th September 2019; Page: 1**
**Width: 18.25 cms; Height: 15.49 cms; a4; ID: 28.2019-09-17.15**

# बिहार सरकार और डीजीपी को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

**पेज 1 का बाकी**

बार आपराधिक प्रवृत्ति का शिकार बनी और पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किया जाना अब भी बाकी है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर चार हफ्तों में विस्तृत रिपोर्ट मांगी। साथ ही, पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी पर स्थिति रिपोर्ट भी मांगी। एनएचआरसी के एक बयान के मुताबिक आयोग ने राज्य प्रशासन को पीड़िता को उपयुक्त काउंसलिंग व मेडिकल सहायता देने का भी निर्देश दिया, ताकि वह इस सदमे से उबर सके। उसने कहा कि बलात्कार पीड़िता राज्य सरकार की बेपरवाही की पीड़ित बन गई है। आयोग ने कहा कि लड़की को दो बार (बलात्कार का) शिकार बनाया जाना बिहार में अराजकता का संकेत देता है। अपराधी कानून से बेखौफ खुल कर अपनी इच्छानुसार जघन्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।

वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के नेतृत्व वाली समिति 19-20 सितम्बर को बिहार का दौरा करेगी और पीड़िता, पुलिस महानिदेशक और संभवतः बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात करेगी। शर्मा ने ट्वीट किया, 'बिहार से हमारे सदस्य नियमित दौरे करते हैं और उन्होंने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध के मामलों को उठाया है लेकिन चीजों में सुधार होता प्रतीत नहीं हो रहा है। मैं सभी मामलों पर निजी तौर पर बिहार के डीजीपी से और संभव हुआ तो बिहार के मुख्यमंत्री के साथ भी चर्चा करूंगी।' उन्होंने कहा, 'वह पहले से पीड़िता है, उसकी मदद करने के बजाय उसे इस सब से गुजरना पड़ा।' आयोग ने बिहार के पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी कर मामले को प्राथमिकता देने और जांच को तेजी से पूरा करने को कहा है।

मुजफ्फरपुर आश्रयगृह 2018 में मीडिया की सुर्खियों में आया था, जब एक सोशल ऑडिट में यह बात सामने आई थी कि एक एनजीओ द्वारा संचालित सरकारी सहायता प्राप्त बालिका गृह में 30 से अधिक लड़कियों से कथित तौर पर बलात्कार किया गया।